Strive for Perfection

ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

SAMPLE PAPER

FINAL EXAMS SESSION 2023 – 24

CLASS – VII

TIME : 3 HRS **SUBJECT: HINDI** **M.M = 80**

निर्देश :–इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं। प्रत्येक खंड के उत्तर देना अनिवार्य है ।

भाग – क (पठन) **[15]**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें : **(10)**

पेड़–पौधों के साथ मानव का बहुत पुराना संबंध है। वृक्षों के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़–पौधे मनुष्य की अनेक प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। ये केवल सौंदर्य और सुरक्षा के साधन मात्र नहीं हैं, अपितु हमारे जीवन दाता भी हैं। जिस प्रकार माता अपने बच्चों का पालन–पोषण करती है, वैसे ही पेड़–पौधे भी हमें शुद्ध वायु देकर जीवित रखते हैं। पेड़–पौधों से प्राप्त अनेक पदार्थों पर अनेक उद्योग–धंधे आश्रित रहते हैं। ये वातावरण को शुद्ध करने के साथ–साथ प्रदूषण भी रोकते हैं। दुर्भाग्यवश जिस प्रकार वनों को काटा जा रहा है, उनके कारण सूखा, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय संस्कृति में तो अनेक वृक्षों को पवित्र माना गया है। वृक्षों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने वन महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो प्रतिवर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है।

प्रश्न 1 वनों के काटने से क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

प्रश्न 2 पेड़–पौधों से मनुष्य की कौन–कौन–सी आवश्यकताएँ पूरी होती हैं?

प्रश्न 3 वृक्षों को मनुष्य का जीवनदाता क्यों कहा जाता है?

प्रश्न 4 'महोत्सव' शब्द का संधि–विच्छेद कीजिए।

प्रश्न 5 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :. **(5)**

मैं मजदूर, मुझे देवों की बस्ती से क्या? अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए। अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से, मेरे पुरखों ने धरती का रूप सँवारा। धरती को सुंदरतम करने की ममता में, बिता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा। और अभी आगे आनेवाली सदियों में, मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे। इस प्यासी धरती के हित मैं ही लाया, हिमगिरि चीर, सुखद गंगा की निर्मल धारा। मैंने रेगिस्तानों की रेती धो–धोकर वंध्या धरती पर भी स्वर्णिम पुष्प खिलाए। मैं मज़दूर मुझे देवों की बस्ती से क्या? अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।

(क) अगणित बार मजदूर ने धरती पर क्या किया?

(ख) धरती की प्यास बुझाने के लिए मज़दूर ने क्या किया?

(ग) मजदूर के पुरखों ने पुष्प कैसे खिलाए?

(घ) आगे आनेवाली सदियों में मजदूर के वंशज क्या करेंगे?

(ड) अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से क्या आशय है?

खंड – ख (व्याकरण) [20]

(3) निम्नलिखित विशेष्य शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द लिखिए :– **(0.5x1=2)**

(क) _____ कमल _____ साडी _____ शेर _____ हंस

(4) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया को रेखांकित कीजिए और कर्ता तथा कर्म को छाँटकर लिखिए:–(0.5x4=2)

(क) मीरा एकतारा बजा रही है ।

(ख) अर्जुन तीर चला रहा है ।

(5) निम्नलिखित धातुओं से क्रिया शब्द बनाइए:– **(3x1=3)**

(क) खा _____ उठ _____ चल _____

(6) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित उनके भेद लिखिए :– **(2x1=2)**

(क) मैं दो सेब खाऊँगा ।

(ख) बगीचे में रंग – बिरंगे फूल खिले हैं।

(7) निम्नलिखित शब्दो से नाम धातु क्रिया शब्द बनाइए :– **(0.5x4=2)**

खट–खट___शर्म___हाथ___अपना__।

(8) निर्देशानुसार क्रियाओं का काल – परिवर्तन करके लिखिए :– **(2x1=2)**

(क) जल्दी ही हम गोवा पहुँचे । (भविष्यत काल) **(ख)** दुकानदार सब्ज़ी तौल रहा है। (भूतकाल)

(10) सही विकल्प पर (√) निशान लगाइए । **(2x1=2)**

(क) प्रश्न पूछने पर – (?) (,) (!) **(ख)** संक्षेप में लिखने पर – (!) (,) (●)

(11) मुहावरों और लोकोक्तियो के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :– **(5x1=5)**

(क) कलेजा ठंडा होना **(ख)** कान खड़े होना

(ग) अंधे की लाठी **(घ)** आ बैल मुझे मार **(ड)** अधजल गगरी छलकत जाएँ

भाग – ग (पुस्तकीय) [30]

(12) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :– **(5x1=5)**

(क) चेतक कौन था ?

(ख) मुंशी वंशीधर कौन थे ?

(ग) बाबू राजेन्द्र प्रसाद किस कमिटी के अध्यक्ष थे ?

(घ) भूकंप कब आया था ?

(ड) लेखक को किसने और किस काम के लिए नियुक्त किया ?

(13) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **(2.5x4=10)**

(क) चेतक ने शुत्राओं का कैसे सामना किया ?

(ख) समय बहुत ही मूल्यवान कविता हमें क्या संदेश देती है ?

(ग) लेखक का आखिरी दौरा कहाँ का था और उन्होने वहाँ क्या देखा ?

(घ) ईश्वर कहाँ कहाँ ढूँढने पर नही मिलेगे ?

(14) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें । (3x5=15)

(क) भूकंप के दिन का वर्णन कीजिए तथा यह बताइए कि उसके सात दिन बाद भी कया हालात थे ?

(ख) चेतक की विशेषताओ का वर्णन कीजिए ।

(ग) 'समय बहुत ही मूल्यवान' कविता का मूलभाव लिखिए ।

भाग – घ (लेखन)

(16) आदर्श विद्यार्थी या वनों का महत्तव किसी एक विषय पर निबंध लिखें। (7)

(17) एकता में बल विषय पर लघु कथा लेखन लिखें। (8)